A. नीमच B. रतलाम

C. मंदसौर D.श्योपुर

उत्तर – A

अध्याय – 2

प्रमुख भू – आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएं

नोटः- प्रिय पाठकों जैसा कि आपको ज्ञात है कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इस विशाल राज्य में रेगिस्तान, नदियाँ, पर्वत एवं पहाडियाँ, पठार अलग - अलग क्षेत्रों में पाये जाते है । इनकी वजह से राजस्थान को चार भौतिक प्रदेशों में बाँटा गया है-

1. पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश – वह क्षेत्र जहाँ पर रेगिस्तान पाया जाता है
2. अरावली पर्वतमाला - वह क्षेत्र जहाँ पर अरावली पर्वतमाला का विस्तार है।
3. पूर्वी मैदानी प्रदेश- वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश **दोमट व जलोढ़ मिट्टी** पाई जाती हैं
4. दक्षिणी - पूर्वी पठारी प्रदेश - वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश मात्रा में **काली मिट्टी** पाई जाती है, इस क्षेत्र को **हाड़ौती का पठार** भी कहते हैं।

प्रिय छात्रों, इन चारों प्रदेशों का विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-

- **पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेशः-**

जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि राजस्थान का पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्र टेथिस सागर का अवशेष है, और अरावली क्षेत्र गोंडवाना लैंड का हिस्सा है।

पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश का सामान्य परिचय :-

वर्तमान में रेगिस्तान का विस्तार राज्य के कुल 61.11 प्रतिशत हिस्से पर है।

नोटः- पहले ये क्षेत्र केवल 58 प्रतिशत भाग पर ही सीमित था, लेकिन वर्तमान में अरावली पर्वतमाला के कटी – फटी होने के कारण मरुस्थल का विस्तार पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ रहा है।

अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में कुल 12 जिले स्थित है, उनमें से **12 जिलों में रेगिस्तान का विस्तार** है । यह जिले निम्न प्रकार है-

1. बीकानेर संभाग - बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर
2. जोधपुर संभाग - जोधपुर, जैसलमेर, जालौर, बाड़मेर, पाली (अपवाद- सिरोही)
3. शेखावाटी क्षेत्र - सीकर, झुंझुनू
4. अजमेर संभाग – नागौर



नोटः *– राज्य के सि**रोही जिले में मरुस्थल का विस्तार नहीं है** अर्थात् अरावली के पश्चिम में स्थित **13 जिलों में से सिरोही एक मात्र ऐसा** जिला है, जो मरुस्थलीय जिलों की श्रेणी में शामिल नहीं है।*

- ***थार का रेगिस्तान*** *राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग और पाकिस्तान में सिंध तथा पंजाब तक फैला है।*
- *यह **उत्तर – पश्चिम में 645 किमी० लम्बा और 360 किमी० चौड़ा है** ।*
- *इस का सामान्य ढ़ाल **उत्तर – पूर्व से दक्षिण – पश्चिम** की ओर है ।*
- *मरुस्थल का **ऊँचा उठा हुआ उत्तर -पूर्वी भाग 'थली' तथा दक्षिण-पश्चिम भाग नीचे का 'तली'** कहलाता है।*

*इस मरुस्थलीय क्षेत्र में राज्य की कुल **जनसंख्या का लगभग 40** प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।*

*यह **विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला मरुस्थल** है तथा इसके अलावा यह विश्व में सर्वाधिक जैव विविधता वाला मरुस्थल भी है।*

- *थार के मरुस्थल की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ है, कि यह **विश्व का एक मात्र** ऐसा मरुस्थल है, जिसके निर्माण में **दक्षिण पश्चिम मानसूनी हवाओं का मुख्य योगदान** है।*
- *थार का मरुस्थल भारतीय उपमहाद्वीप में ऋतु चक्र को भी नियंत्रित करता है ।*
- *ग्रीष्म काल में तेज गर्मी के कारण इस प्रदेश में न्यून वायु दाब केन्द्र विकसित हो जाता है। जो दक्षिण - पश्चिमी मानसूनी हवाओं को आकर्षित करता है। यह हवायें सम्पूर्ण प्रायद्वीप में वर्षा करती है ।*
- *भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून को आकर्षित करने में इस मरुस्थल की उपस्थिति अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।*

इस क्षेत्र में शुष्क एवं अत्यंत विषम जलवायु पाई जाती है और तापमान गर्मियों में अत्यधिक (49° C तक) तथा सर्दियों में न्यूनतम (3° C तक) रहता है।

*आँकल जीवाश्म पार्क, जलोद्भिद तलछट व लिग्नाइट, खनिज तेल इत्यादि से इस तथ्य की पुष्टि होती है, कि **थार का मरुस्थल 'पर्माकार्बोनिफेरस युग'** में टेथिस सागर का हिस्सा था।*

नोटः-मरुस्थलीकरण का मूल कारण :-

मरुस्थलीकरण की समस्या सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है। विश्व की कुल जनसंख्या का छठवाँ हिस्सा मरुस्थलीकरण की समस्या से प्रभावित है।

सन् 1952 में"Symposia on Indian Desert" का आयोजन किया गया जिसमें थार के मरुस्थल की उत्पत्ति पूर्व में इसका विस्तार आदि पर विस्तृत चर्चा की गई है।

क्या होता है मरुस्थलीकरण?

- उपजाऊ एवं अमरुस्थलीय भूमि का क्रमिक रूप शुष्क प्रदेश अथवा मरुस्थल में परिवर्तित हो जाने की प्रक्रिया ही मरुस्थलीकरण है ।
- मरुस्थलीकरण प्रकृति की परिघटना है जो **जलवायवीय परिवर्तन व दोष पूर्ण भूमि उपयोग के कारण होती है।**
- यह क्रम वृद्धि परिघटना है , जिसमें मानव द्वारा भूमि उपयोग पर दबाव के कारण परिवर्तन होने से परितंत्र का अवनयन होता है।

मरुस्थलीकरण का सबसे महत्वपूर्ण कारण-

भूमि का अविवेकी उपयोग

पशुचारन

निरंतर वर्षा में कमी

संसाधनों का अति दोहन

जनसंख्या वृद्धि इत्यादि।

थार का मरुस्थल 'ग्रेट पेलियो आर्कटिक अफ्रीका' मरुस्थल का ही पूर्वी भाग है।

थार के मरुस्थल में स्थित प्रमुख उद्यान 'राष्ट्रीय मरु उद्यान 'है।

मरुभूमि राष्ट्रीय उद्यान

राज्य का मरुस्थल उष्ण मरुस्थल की श्रेणी में आता है ।

इस क्षेत्र की प्रमुख फसलें बाजरा, मोठ, ग्वार, इत्यादि हैं तथा **प्रमुख नदी 'लूनी'** है तथा प्रमुख नहर 'इंदिरा गाँधी 'नहर हैं

इस क्षेत्र में तीन प्रकार का मरुस्थल पाया जाता है

1. इर्ग 2. हम्मादा 3. रैंग'

- **रेतीले मरुस्थल को 'इर्ग' कहा जाता है।**
- **पथरीले मरुस्थल को हम्मादा** कहा जाता है इसका विस्तार जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर व जालौर तक है।
- ऐसा मरुस्थल जि**समें रेत व पत्थर दोनों पाए जाते हैं,** अर्थात् **मिश्रित मरुस्थल को ' रैंग' कहा जाता है।** यह जैसलमेर के निकट रामगढ़ व लोद्रवा क्षेत्रों में पाया जाता है।

प्रसिद्ध जन्तु वैज्ञानिक डॉ. ईश्वर प्रकाश ने कहा है कि राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र को मरु क्षेत्र नहीं कहकर **'रक्ष क्षेत्र'** कहा जाए क्योंकि यहाँ पर पर्याप्त मात्रा में जैव विविधता पाई जाती है।

नोटः- जोधपुर राज्य का एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें **सभी प्रकार के बालूका स्तूप** पाये जाते हैं। **तथा सर्वाधिक बालूका स्तूप जैसलमेर जिले में पाए जाते हैं।**

मरुस्थल में पाई जाने वाली प्रमख संरचनाए तथा शब्दावली

1. लाठी सीरीज :- पाकिस्तान देश के सहारे (पास में) **पोकरण से मोहनगढ़ तक की क्षेत्र** लाठी सारिज के नाम से जाना जाता है।

2007 में काजरी के वैज्ञानिकों द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि इस क्षेत्र में **80 मीटर लम्बी तथा 60 मीटर चौड़ी एक भू-गर्भिक जल पट्टी** का विस्तार है।

इस क्षेत्र में धामण, करड, अजाण, **लीलोण, सेवण घास मुख्य रूप** से पायी जाती है।

नोटः- सेवण घास का **कटा हुआ रूप लीलण** कहलाता है।

राज्य का राज्य पक्षी **गोडावण अपने अण्डे सेवण घास पर देता** है । इसी कारण **सेवण घास को गोडावण पक्षी की प्रजनन सम्पति** कहा जाता है।

इसी क्षेत्र में जैसलमेर जिले की सम तहसील में चन्दन गाँव में एक **मीठे पानी का जल स्त्रोत** (कुआँ) है। जिस से प्रति घन्टे में लगभग 2.30 लाख लीटर मीठा पानी निकलता है । इसे **चन्दन नलकूप या 'थार का घड़ा'** भी कहा जाता है। इस कुँए का **वास्तविक नाम 'चौहान'** है।

2. पीवणाः- इस क्षेत्र में पाये जाने वाला जहरीला सर्प जो डंक नहीं मारता बल्कि रात्रि में सोते हुए व्यक्ति को श्वांस के द्वारा जहर देकर मारता है।

3. मावठ / महावठ / शीतकालीन वर्षा :- पश्चिमी विक्षोभ तथा भूमध्य सागरीय चक्रवातों से **शीतकाल में होने वाली वर्षा जो रबी की फसल के लिए उपयोगी** होती है **मावठ कहलाती** है।

4. नेहड़ :- लगभग 100 वर्ष पूर्व राज्य के जालौर तथा बाड़मेर जिले में **समुद्र का जल आकर ठहरता** था । अतः जालौर व बाड़मेर जिले का क्षेत्र नेहड़ कहलाता था । नेहड़ का शाब्दिक अर्थ होता है 'समुद्र का जल'।

मरुस्थलीय क्षेत्र में जल संचय के तरीके

1. **आगोरः-** प्राचीन काल में मरुस्थलीय क्षेत्र में वर्षा के **जल का संचय करने के लिये टांके** बनाये जाते थे, जिन्हें आगोर कहा जाता था ।



4. अरावली की कुल लंबाई का 79.48% **(लगभग 80%) भाग राजस्थान में** स्थित है जिसका **आकार एक वाद्ययंत्र "तानपुरे"** के समान है। अरावली पर्वतमाला की तुलना अमेरिका मे स्थित अल्पेशियन पर्वतों से की जाती है जो कि लगभग 60 से 55 करोड़ वर्ष पुराने हैं।

5. उत्पत्ति के आधार पर अरावली पर्वतमाला एक **वलित पर्वत** (जिसका विकास हो रहा है) तथा **वर्तमान में एक अवशिष्ट पर्वत है। इसकी औसत ऊँचाई पहले 5000 मीटर** थी जो कि **वर्तमान में 920 मीटर समुद्र तल से** है।

6. अरावली पर्वतमाला का विस्तार राज्य के 17 जिलों में है यह राज्य के लगभग बीच में स्थित है इसलिए राज्य को दो भागों में विभाजित करती है पूर्वी भाग व दक्षिणी भाग।

7. अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में 13 जिले आते हैं जिनमें से 12 में मरुस्थल है और एक जिला ऐसा है जो कि सिरोही है जिसमें मरुस्थल नहीं है अरावली के पश्चिम में लगभग 60% भू - भाग पर राज्य की 40% जनसंख्या निवास करती है।

8. अरावली के पूर्व में राज्य के 20 जिले आते हैं राजस्थान के कुल गैर मरुस्थलीय जिले 21 हैं जिनमें से अरावली के पूर्व में 20 तथा एक सिरोही है।

9. **अरावली का सर्वाधिक विस्तार उदयपुर जिले में है** तथा **सबसे कम विस्तार वाला जिला अजमेर** है और **अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटी "गुरु शिखर"** है और जब कि **सबसे नीचे चोटी "अजमेर जिले" में पुष्कर घाटी है।**

- **गुरुशिखर जिसे गुरुमाथा** भी कहा जाता है। हिमालय पर्वत के माउंट एवरेस्ट तथा पश्चिमी घाट के नीलगिरी पर्वत के मध्य की सबसे ऊंची चोटी है ।
- **कर्नल जेम्स टॉड** ने यहाँ पर संतों को तपस्या करते हुए देखा था इससे प्रभावित होकर कर्नल जेम्स टॉड ने **इसे संतो का शिखर का नाम दिया है** इसकी **औसत ऊँचाई 1722 मीटर** है।
- इसकी चोटी पर दत्तात्रेय ऋषि का मंदिर बना हुआ है ।
- यदि इस मंदिर की ऊँचाई को शामिल करें तो गुरु शिखर की कुल ऊँचाई 1727 मीटर होती है ।
- गुरुशिखर के नीचे **राज्य का एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल "माउंट आबू" स्थित है।**

10. अरावली पर्वतमाला राज्य की नदियों को दो भागों में विभाजित करती है पश्चिमी भाग और पूर्वी भाग। **अरावली के पश्चिम में बहने** वाली नदियाँ अपना जल **अरब सागर को** तथा अरावली के **पूर्व में बहने वाली नदियाँ** अपना जल **बंगाल की खाड़ी को लेकर** जाते हैं।

11. **अरावली पर्वतमाला पश्चिमी मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकती है** जैसा कि आपको पता है मरुस्थल अभी भी लगातार फैल रहा है।

12. अरावली पर्वतमाला **बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून को रोककर वर्षा करने में सहायक** भी होती है लेकिन अरावली पर्वतमाला से होने वाला **"सबसे बड़ा नुकसान"** यह है कि अरावली पर्वतमाला की स्थिति **अरब सागर के मानसून के समांतर होने के कारण यह बिना वर्षा किए ही गुजर जाता है** इसी वजह से राजस्थान में बहुत कम वर्षा होती है।

13. अरावली पर्वतमाला में पर्वतीय चट्टानों के टूटने से पर्वतीय मिट्टी का निर्माण होता है एवं जिस **पर्वतीय मिट्टी में चूने की अधिक मात्रा होती है उसे लेटेराइट मिट्टी** कहा जाता है इस प्रकार इस अरावली क्षेत्र में पाई जाने वाली मिट्टी लेटेराइट मिट्टी है।

14. अरावली पर्वतमाला का विस्तार **"दक्षिण पश्चिम से उत्तर पूर्व" की ओर** है। अरावली पर्वतमाला की चौड़ाई और ऊँचाई लगातार "दक्षिण - पश्चिम से उत्तर - पूर्व" की ओर कम होती जाती है जबकि इसकी चौड़ाई और ऊँचाई "उत्तर - पूर्व से दक्षिण - पश्चिम " की ओर बढ़ती जाती है।

15. अरावली पर्वतमाला एक महान **जल विभाजक** के रूप में भी कार्य करती है इसके दोनों ओर नदियाँ बहती हैं।

16. अरावली पर्वतमाला राज्य के **कुल भू-भाग का 9% भाग** है जिस पर **संपूर्ण राज्य की 10% जनसंख्या निवास करती है।**

17. अरावली पर्वतमाला में मुख्य रूप से ढलान पहाड़ियों पर मक्का की खेती की जाती है इस क्षेत्र में **उष्ण कटिबंधीय वन** पाए जाते हैं क्षेत्र में **कंक्रीट लाल मिट्टी** पाई जाती है।

नोट – अरावली पर्वतमाला को अध्ययन की दृष्टि से मुख्य रूप से तीन भागों में बाँटा गया है -

1. उत्तरी – पूर्वी अरावली 2. मध्यवर्ती अरावली 3. दक्षिणी अरावली

1. **उत्तरी – पूर्वी अरावली –** इस क्षेत्र का विस्तार **जयपुर, दौसा, अलवर,** जिले में है इस क्षेत्र में अरावली की श्रेणियां अनवरत ना होकर दूर - दूर हो जाती है । इस क्षेत्र में पहाड़ियों की सामान्य ऊँचाई 450 मीटर से 700 मीटर तक है इस प्रदेश की **प्रमुख चोटियाँ रघुनाथगढ़ (सीकर) 1055 मीटर,** खोह (जयपुर) 920 मीटर, भेराच (अलवर) 792 मीटर, बरखाड़ा (जयपुर) 786 मीटर है।

2. **मध्यवर्ती अरावली –** इस भाग में अरावली का विस्तार कम पाया जाता है जो कि ब्यावर के समीप है इसकी **सबसे ऊंची चोटी नाग पहाड़ियों में स्थित तारागढ़ (870 मीटर अजमेर) है** इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 550 मीटर है। अरावली का यह भाग कटा - फटा होने के कारण यहाँ **अत्यधिक मात्रा में दर्रे** (स्थानीय भाषा में **नाल कटा** कहा जाता है) पाए जाते हैं जैसे -

भीलवाड़ा की नाल (पाली), सोमेश्वर की नाल पाली), बर दर्रा (पाली)

यह मुख्य रूप से अजमेर, पाली, राजसमंद में स्थित है ।

3. **दक्षिणी अरावली –** यह मुख्य रूप से **सिरोही उदयपुर राजसमंद** में विस्तृत है इसकी **सबसे ऊंची चोटी जरगा चोटी (1448 मीटर उदयपुर में) है ।** इसकी समुद्र तल से औसत ऊँचाई 1000 मीटर है। इसमें मुख्य रूप से फुलवारी की नाल (उदयपुर), केवड़ा की नाल (उदयपुर) हल्दीघाटी की नाल (राजसमंद) में प्रमुख दर्रे पाए जाते हैं।

नोट – फुलवारी की नाल वन्य जीव अभ्यारण्य तथा मानसी वाकल बेसिन के लिए प्रसिद्ध है । राज्य में सर्वाधिक नदियों का उद्गम अरावली पर्वत से होता है जबकि **सर्वाधिक नदियाँ कोटा संभाग में बहती हैं।**

चूरू	**-**	**कोई नदी नहीं है**
जयपुर	-	(बाणगंगा, ढूंढ, बांडी, साबी, मोरेल, डाई, सीतामाशी, सखा)
जोधपुर	-	लूनी, जोजरी, मीठड़ी (माठड़ी)
जालौर	-	(सूकड़ी, लूनी, बांडी, जवाई, लीलड़ी)
जैसलमेर	-	काकन (काकनेन), चांथण, लाठी, धोगड़ी,
झुंझुनू	-	काँतली
झालावाड़	-	कालीसिंधी, छोटी कालीसिंध, निवाज, पार्वती, आहू
डूंगरपुर	-	(माही, सोम, सोनी, जाखम)
बाँसवाड़ा	-	माही, चैनी, अन्नास
नागौर	-	लूनी
बाड़मेर	-	लूनी, सूकड़ी
बीकानेर	**-**	**कोई नदी नहीं है**
भरतपुर	-	गंभीर, बराह, बाणगंगा
बूंदी	-	कुराला, घोड़ा पछाड़, मेज, चंबल
सीकर	-	मेंथा, कांटली, कांवत
सिरोही	-	(सूकड़ी, पश्चिम बनास, खारी कृष्णावती, भूला, पोसलिया, ओरा, सुखदा)
भीलवाड़ा	-	बनास, बेड़च, कोठारी, मानसी, खारी, मेनाली
सवाई माधोपुर	-	बनास, चंबल, मोरेल
धौलपुर	-	चंबल
दौसा	-	बाणगंगा, मोरेल
बारां	-	पार्वती, परवन, कुकू
राजसमंद	-	बनास, चंद्रभान, खारी, कोठारी
हनुमानगढ़	-	घग्घर
करौली	-	चंबल, भद्रावती, गंभीर
प्रतापगढ़	-	जाखम, सूकली, भैरवी

<u>शोर्ट ट्रिक</u>

भरतपुर जिले में बहने वाली नदियाँ हैं।

"स्पा बाग"

सूत्र	**-**	**नदियाँ**
स्पा	-	स्पारेल
बा	-	बाणगंगा
ग	-	गम्भीर

राजस्थान के दौसा जिले की मुख्य नदियाँ:-

"दौसा मे बाण मारे"

सूत्र	**-**	**नदियाँ**
बाण	-	बाणगंगा
मारे	-	मोरेल

राजस्थान के राजसमंद जिले की मुख्य नदियाँ:-

"राजसमन्द चन्द्र खारा"

सूत्र	-	नदियाँ
चन्द्र	-	चन्द्रभागा
खारा	-	खारी

राजस्थान क के टोंक जिले की मुख्य नदियाँ:-

"टोंक में बाण्डी मांस बना"

सूत्र	-	नदियाँ
बांडी	-	बांडी
मांस	-	मांसी
बना	-	बनास

- ***राजस्थान की प्रमुख झीलें –***

प्रिय छात्रों राजस्थान की झीलों को हम दो भागों में विभाजित करेंगे -

(अ)खारे पानी की झीलें, (ब) मीठे पानी की झीलें

- दोस्तों जैसा कि आपको पता है खारे पानी की झील से आशय ऐसी झील से होता है जिसमें लवणता की मात्रा होती है और मीठे पानी की झील अर्थात् एक ऐसी झील जिसमे लवणता की मात्रा नहीं पाई जाती है ।
- ***अरावली पर्वतमाला राजस्थान के लगभग बीच में स्थित है जिसके पश्चिम में खारे पानी की झीलें हैं और इसके पूर्व में मीठे पानी की झीलें स्थित है ।***
- यह अरावली पर्वतमाला महान जल विभाजक रेखा का कार्य करती है । ***राजस्थान में खारे पानी की ९ झीलें हैं।***
- राजस्थान का पश्चिमी भाग ***टेथिस सागर*** का अवशेष है अतः इस क्षेत्र में पाई जाने वाली झीलें ***खारे पानी की झीलें*** है ।
- रेगिस्तानी क्षेत्र में खारे पानी की झीलों को ***प्लाया*** कहा जाता है तथा ***तटीय क्षेत्र में इन्हें 'लैगून" कहा*** जाता है

जैसे उड़ीसा में स्थित चिल्का झील सबसे बड़ी लैगून झील है।

- दोस्तों झीलों के खारा होने का एक अन्य कारण यह भी है कि दक्षिण पश्चिमी मानसून की अरब सागर की शाखा राज्य में प्रवेश करते समय लवण के भारी कणों को पश्चिमी भाग में गिरा देती है जिससे यहाँ की मिट्टी तथा झीलों में खारा पानी पाया जाता है ।
- राजस्थान की समस्त खारे पानी की झीलें वायु द्वारा निर्मित हैं ।
- दक्षिण एशिया में पहली बार विश्व झील सम्मेलन का आयोजन 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2007 को जयपुर में किया गया था।

अब हम खारे पानी की झीलों को सबसे पहले विस्तार में समझते हैं और फिर मीठे पानी की झीलों को पढ़ेंगे।

(अ) खारे पानी की झीलें –



I. सांभर झील

- **राजस्थान के जयपुर – फुलेरा मार्ग पर जयपुर से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित सांभर झील भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक एवं खारे पानी की झील है।**
- इस झील का विस्तार 3 जिलों में है - **जयपुर, अजमेर और नागौर,** लेकिन सर्वाधिक विस्तार जयपुर जिले में है और इसका प्रशासनिक अधिकार नागौर जिले का है।
- इस झील की लंबाई दक्षिण - पूर्व से उत्तर - पश्चिम की ओर लगभग 32 किलोमीटर है और चौड़ाई लगभग 3 से 12 किलोमीटर है इसका कुल अपवाह क्षेत्र लगभग 500 वर्ग किलोमीटर है।
- **सांभर झील में मेंथा नदी, रूपनगढ़ नदी, खारी नदी और खंडेला नदी आकर मिलती हैं । इस झील पर भारत सरकार की "हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड कंपनी" द्वारा नमक उत्पादन कार्य किया** जा रहा है । इस झील में प्रति 4 मीटर की गहराई पर 350 लाख टन नमक उत्पादन

होता है जो **भारत के कुल उत्पादन का 8.7% सांभर झील** से ही उत्पादित होता है।

इस झील से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

- **सांभर झील "स्वाईसरुबीना" नामक शैवालों के लिए प्रसिद्ध है ।** इस शैवाल से 60% प्रोटीन प्राप्त होता है।
- यह झील अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के लिए भी जानी जाती है जैसे -
- तीर्थ स्थली देव्यानी अर्थात् **तीर्थों की नानी,**
- शाकंभरी माता का मंदिर,
- संत हमीदुद्दीन की पुण्य भूमि,
- जहाँगीर की ननिहाल,
- अकबर की विवाह स्थली
- चौहानों की राजधानी

- ऐसा माना जाता है कि **इस झील का निर्माण बिजोलिया शिलालेख के अनुसार चौहान वंश के संस्थापक वासुदेव चौहान द्वारा** करवाया गया था।
- इस झील का आकार आयताकार है इस झील पर सन् 1857 में अंग्रेजों द्वारा स्थापित सांभर साल्ट म्यूनियम स्थित है।
- **पर्यटन के क्षेत्र में रामसर साइट के नाम से भी इसे जाना जाता है।**

प्रश्न – 3. राजस्थान की किस झील को रामसर आर्द्रभूमि की सूची में सम्मिलित किया गया है?

A. जयसमंद झील

B. आनासागर झील

C. राजसमंद झील

D. सांभर झील

उत्तर - (D)

2. पचपदरा झील -

- ऐसा माना जाता है कि 400 ईसा पूर्व पंचा नामक एक भील व्यक्ति के द्वारा एक दलदल को सुखाकर इस झील के आसपास की बस्तियों का निर्माण करवाया गया था इसलिए इस झील को पचपदरा झील कहते हैं
- यह झील राजस्थान **राज्य के बाड़मेर जिले के बालोतरा में स्थित है।**
- इस झील से प्राचीन समय से ही **खारवाल जाति के 400 परिवार मोरली वृक्ष की टहनियों से भी नमक के (क्रिस्टल) स्फटिक तैयार** करते थे।
- **इस झील में 18% सोडियम क्लोराइड की मात्रा पाई जाती है इस झील का नमक खाने के लिए सबसे उपयुक्त है।**

3. डीड़वाना झील -

- यह झील **नागौर जिले के डीड़वाना** में स्थित है।
- डीड़वाना में लवणीय पानी की क्यारियाँ बनाकर उसे सुखाकर नमक प्राप्त किया जाता है। **इस नमक ब्राइन नमक** कहा जाता है। इस झील से प्राप्त नमक **खाने योग्य नहीं** है।
- इस झील में राजस्थान सरकार द्वारा **राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स नामक दो उद्योग** स्थापित किए गए हैं जो **कृत्रिम रूप से कागज के उत्पादन का निर्माण करते हैं ।** इसके अलावा इस नमक का उपयोग चमड़ा उद्योग में भी होता है।
- कृत्रिम रूप से कागज का उत्पादन करने के लिए **सोडियम सल्फेट का निर्माण इसी झील के** द्वारा किया जाता है।
- इस झील का क्षेत्रफल 5 वर्ग किलो मीटर है।
- यहाँ का नमक विभिन्न रासायनिक क्रियाओं में प्रयुक्त होता है।
- Na_2SO_4 वाले नमक का उपयोग चमड़ा साफ करने में, कागज गलाने में किया जाता है ।

5. लूणकरणसर झील -

- यह झील राजस्थान के **बीकानेर जिले में** स्थित अत्यंत छोटी झील है।
- छोटी होने के कारण यहाँ से थोड़ी बहुत मात्रा में निकलने वाले नमक से स्थानीय लोगों को ही आपूर्ति हो पाती है।
- **लूणकरणसर "मूंगफली" के लिए प्रसिद्ध होने के कारण "राजस्थान का राजकोट"कहलाता है।**

राजस्थान में अन्य खारे पानी की झीलें निम्न है :-

- रेवासा झील सीकर में स्थित है।
- तालछापर झील चूरू में स्थित है ।
- **डेगाना झील नागौर में स्थित है।**
- फलौदी झील जोधपुर में स्थित है ।
- कावोद झील जैसलमेर में स्थित है।
- पोकरण झील जैसलमेर में स्थित है ।
- कुचामन झील नागौर में स्थित है इत्यादि ।

(ब) राजस्थान में मीठे पानी की झीलें –



शोर्ट ट्रिक

राजस्थान की मीठे पानी की झीलों के नाम:-

"जयराज, अना, नडीसि कोका फतेह कर"

सूत्र		झीलें
जय	-	जयसमन्द झील
राज	-	राजसमन्द झील
अना	-	अनासागर झील
न	-	नक्की झील
डी	-	डीड़वाना झील
सि	-	सिलिसेढ़ झील
को	-	कोलायत झील
का	-	कायलाना झील
फतेह	-	फतेहसागर झील

विस्तृत वर्णन -

I. पुष्कर झील –

- राजस्थान राज्य के **अजमेर जिले के पुष्कर नामक स्थान पर** (अजमेर शहर से 11 किलो मीटर दूर) स्थित पुष्कर झील एक प्रसिद्ध झील है।
- ऐसा माना जाता है कि इस झील **का निर्माण पुष्करणा ब्राह्मणों द्वारा** करवाया गया था इसलिए इस झील का नाम "पुष्कर झील" पड़ा, **लेकिन भौगोलिक मान्यताओं के अनुसार इस झील का निर्माण ज्वालामुखी से हुआ है इसलिए इसे क्रेटर झील भी कहा जाता है।**
- **यह राजस्थान की प्राचीन, प्राकृतिक एवं सबसे पवित्र झील है।**
- **इस झील के किनारे प्रसिद्ध ब्रह्माजी का मंदिर स्थित है** ऐसा माना जाता है कि ब्रह्माजी मंदिर में मूर्ति आद्यगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित की गई थी। इस मंदिर का निर्माण दसवीं सदी में पंडित गोकुल चंद पारीक ने करवाया था।

6. पुष्कर पशु मेला

कार्तिक माह मे आयोजित होता हैं। इस मेले का आयोजन **पुष्कर (अजमेर)** में किया जाता हैं। गिर नस्ल से संबंधित हैं।

7. गोगामेड़ी पशु मेला

नोहर (हनुमानगढ़) में आयोजित होता हैं। इस मेले का आयोजन श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा में होता हैं। हरियाणवी नस्ल से संबंधित हैं। राजस्थान का सबसे लम्बी अवधि तक चलने वाला पशु मेला हैं।

8. महाशिवरात्रि पशु मेला

करौली में फाल्गुन मास में आयोजित होता हैं। हरियाणवी नस्ल से संबंधित हैं।

9. जसवंत प्रदर्शनी एवं पुश मेला

इस मेले का आयोजन आश्विन मास में होता हैं। हरियाणवी नस्ल से संबंधित हैं।

10. श्री मल्लीनाथ पशु मेला

- तिलवाड़ा (बाड़मेर) में इस मेले का आयोजन होता हैं।
- यह मेला चैत्र कृष्ण ग्यारस से चैत्र शुक्ल ग्यारस तक लूनी नदी के तट पर आयोजित किया जाता हैं।
- थारपारकर (मुख्यतः) व कांकरेज नस्ल की बिक्री होती हैं।
- देशी महीनों के अनुसार सबसे पहले आने वाला पशु मेला हैं।

11. बहरोड़ पशु मेला

बहरोड़ (अलवर) में आयोजित होता हैं। मुर्रह भैंस का व्यापार होता हैं।

12. बाबा रघुनाथ पुरी पशु मेला

सांचैर (जालौर) में आयोजित होता हैं।

13. सेवडिया पशु मेला

रानीवाड़ा (जालौर) में आयोजित होता हैं। रानीवाड़ा राज्य की सबसे बड़ी दुग्ध डेयरी हैं।

"सारांश"

- राजस्थान में 20 वीं पशुगणना 2019 के अनुसार कुल पशुधन 5.68 करोड़ हैं। इस पशुगणना में पशुओं की संख्या में 1.66 प्रतिशत कमी पायी पायी ।
- राजस्थान पशुओं की संख्या में भारत के अंतर्गत दूसरे स्थान पर हैं। प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश हैं।
- ऊँटों की संख्या में राजस्थान प्रथम स्थान पर हैं।
- गौवंश की संख्या में छठवें स्थान पर हैं, तथा भैंसों की संख्या में राजस्थान द्वितीय पर हैं।
- राजस्थान गधों की संख्या में प्रथम स्थान पर हैं।
- राठी नस्ल की गाय को राजस्थान की कामधेनु कहा जाता हैं।
- मुर्रह नस्ल की भैंस सर्वश्रेष्ठ नस्ल हैं, तथा राजस्थान में सर्वाधिक पायी जाती हैं।
- भेड़ों की संख्या में राजस्थान तीसरे स्थान पर हैं, तथा सर्वाधिक भेड़ बाड़मेर में पायी जाती हैं।
- भेड़ की मगरा नस्ल को बीकानेरी चोकला भी कहा जाता हैं।
- बकरी की संख्या में राजस्थान प्रथम स्थान हैं। बाड़मेर, जोधपुर में सर्वाधिक बकरियाँ पायी जाती हैं।
- जैसलमेरी नस्ल के ऊँट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता हैं।
- केन्द्रीय ऊँट अनुसंधान संस्थान जोहड़बीड़ (बीकानेर) में हैं। केन्द्रीय बकरी एवं भेड़ अनुसंधान संस्थान अविकानगर (टोंक) में हैं।

महत्त्वपूर्ण प्रश्न :-

1. चोकला, मगरा, पूगल किस पशु की नस्ल हैं?

a. बकरी b. भेड़
c. गाय- बैल d.ऊँट

उत्तर – B

2. राजस्थान में भेड़ – ऊन शिक्षण संस्थान कहाँ हैं?

a. बीकानेर b. जोधपुर
c. बाड़मेर d. जयपुर

उत्तर – D

3. केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान स्थापित हैं?

a. बीकानेर b. जैसोल
c. अविकानगर (टोंक) d. जैसलमेर

उत्तर – C

4. डेयरी एवं खाद्य विज्ञान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय राजस्थान का एकमात्र महाविद्यालय कहाँ स्थित हैं?

a. जोधपुर b. जयपुर
c. कोटा d. उदयपुर

उत्तर - D

5. थारपारकर नस्ल के गौवंश का उत्पत्ति स्थल माना जाता हैं?

a. मालाणी b. हरियाणा
c. श्रीगंगानगर d. दरीबा

उत्तर – A

6. राज्य मंत्रिमंडल में पशुधन विकास नीति की घोषणा की-

a. 17 फरवरी 2010 b. 26 जनवरी 2010

c. 15 अगस्त 2010 d. 1 अप्रैल 2010

उत्तर – A

7. मालाणी नस्ल किसकी है?

a. गाय b. ऊँट

c. घोड़ा d. भैंस

उत्तर – C

8. थारपारकर प्रजाति कहाँ पाई जाती है?

a. जनजाति क्षेत्र

b. हाड़ौती क्षेत्र

c. तोराबाटी क्षेत्र

d. राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र

उत्तर – D

9. दुग्ध उत्पादन हेतु गाय की प्रसिद्ध नस्लें हैं -

a. थारपारकर एवं राठी

b. राठी एवं नागौरी

c. मालवी एवं थारपारकर

d. मेवाती एवं मालवी

उत्तर – A

10. राजस्थान में किस पशुधन का सर्वाधिक प्रतिशत है?

a. बकरियाँ b. भेड़

c. दुधारू पशु d. ऊँट

उत्तर - A

अध्याय – 9

प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें

इस अध्याय के अंतर्गत हम राजस्थान की नदी घाटी परियोजनाओं का विस्तार से अध्ययन करेंगे ।जैसा कि आपको पता है जल ही जीवन है जैसे कि सिंधु घाटी सभ्यता जल की वजह से ही सिंधु और उसकी सहायक नदियों के आसपास पनप रही थी । जल जहाँ भी होगा वहाँ एक अच्छी वनस्पति, जीव, जंतु पनपते हुए देखते हैं।

नदियाँ जल का प्राकृतिक स्रोत होती हैं और इन्हीं नदियों के माध्यम से सिंचाई, पेयजल, विद्युत उत्पादन जैसी सुविधाएँ प्राप्त की जाती हैं । इसीलिए नदियों पर परियोजनाएँ बनाई जाती हैं।

राजस्थान में सिंचाई की अधिक आवश्यकता होती है क्योंकि यहाँ की भूमि शुष्क हैं और वर्षा कम होती है ।

सिंचाई-

- फसलोंत्पादन में जल के अभाव में पौधे को जीवन असम्भव होता है ।
- पौधों को जीवनकाल में अधिक मात्रा में जल की आवश्यकता होती है ।
- प्राकृतिक रुप से जल की आवश्यकता पूर्ति नहीं हो पाती है ।तब पौधे की वृद्धि एवं विकास के लिए कृत्रिम रुप से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है, जिसे सिंचाई कहते हैं ।
- राजस्थान एक कृषि प्रधान राज्य है यहाँ की लगभग 70% जनसंख्या कृषि पर आधारित है ।
- राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के आधार पर वर्षा की कमी के कारण बलूई मिट्टी में सिंचाई की अत्यधिक आवश्यकता होती है ।
- राजस्थान में भारत के औसत वर्षा का लगभग आधे से भी कम औसत वर्षा होती है।

सिंचाई की विशेषताएँ -

- सिंचाई से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है।
- सिंचाई के द्वारा 1 वर्ष में । से अधिक फसलों का उत्पादन किया जा सकता है।
- जिन स्थानों पर कृषि के कृत्रिम तरीके उपलब्ध नहीं होते उन स्थानों पर कृषि सीमित होती है लेकिन जिन स्थानों पर उपलब्ध होते हैं वहाँ पर कृषि अर्थव्यवस्था की विशेषता बन जाती है।
- सिंचाई कृषि को स्थायित्व प्रदान करती हैं लेकिन जिन स्थानों पर किसान वर्षा पर आधारित होते हैं उन स्थानों पर ***कृषि मानसून का जुआ*** बन जाता है।
- राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है जिसका कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है ।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम देखने के लिए क्लिक करें -

RAS PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=1253s

Rajasthan CET Gradu. Level - https://youtu.be/gPqDNlc6URO

Rajasthan CET 12th Level - https://youtu.be/oCa-CoTFu4A

RPSC EO / RO - https://youtu.be/b9PKj14nSxE

VDO PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari - https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=2s

PTI 3rd grade - https://www.youtube.com/watch?v=iA_MemKKgEk&t=5s

SSC GD - 2021 - https://youtu.be/2gz2fJyt6vI

EXAM (परीक्षा)	DATE	हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्नों की संख्या
RAS PRE. 2021	27 अक्तूबर	74 प्रश्न आये
SSC GD 2021	16 नवम्बर	68 (100 में से)
SSC GD 2021	08 दिसम्बर	67 (100 में से)
RPSC EO/RO	14 मई (1st Shift)	95 (120 में से)
राजस्थान S.I. 2021	14 सितम्बर	119 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	15 सितम्बर	126 (200 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (1st शिफ्ट)	79 (150 में से)

FREE SAMPLE

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	103 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	91 (150 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (1st शिफ्ट)	59 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	61 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	57 (100 में से)
U.P. SI 2021	14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट	91 (160 में से)
U.P. SI 2021	21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट)	89 (160 में से)
Raj. CET Graduation level	07 January 2023 (1st शिफ्ट)	96 (150 में से)
Raj. CET 12th level	04 February 2023 (1st शिफ्ट)	98 (150 में से)

& Many More Exams like UPSC, SSC, Bank Etc.

नोट्स खरीदने के लिए इन लिंक पर क्लिक करें

Whatsapp - https://wa.link/gd17e6

Online order - https://bit.ly/agri-notes

Call करें - 9887809083

whatsapp-https://wa.link/gd17e6 2 web.- https://bit.ly/agri-notes

FREE SAMPLE